विचारार्थ विषय

सलाहकार स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कुल पद – 2

भूमिकाएं और जिम्मेदारियां:

- राज्य के अधिकारियों, प्रौद्योगिकी भागीदारों एवं अन्य हितधारकों के साथ संपर्क साधना ।
- अनुरूपता के लिए एचएमआईएस डेटा की जांच करना एवं डेटा में त्रुटियों के सुधार के लिए राज्यों के साथ अवलोकन करना ।
- एचएमआईएस की डेटा रिपोर्टिंग स्थिति का अनुश्रवण करना ।
- विभिन्न हितधारकों के लिए सांख्यिकीय संकुल (एस ए एस) का उपयोग कर डेटा विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट संकलन करना।
- एचएमआईएस के विभिन्न पहलुओं जैसे डेटा रिपोर्टिंग प्रारूपों (फोर्मट्स), रिपोर्टों एवं डेटा के उपयोग पर राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- "भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सक्षम एचएमआईएस पोर्टल" से संबंधित मुद्दों का प्रबंधन।
- मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया कोई भी अन्य कार्य।
- सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए काम करेंगे एवं कार्यस्थल नई दिल्ली होगा। उन्हें देश के भीतर यात्रा करना आवश्यक हो सकता है।

पात्रता:

- स्वास्थ्य प्रबंधन / सांख्यिकी/ लोक स्वास्थ्य / स्वास्थ्य सूचना / सूचना प्रौद्योगिकी में कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि / उपाधिपत्र ।
- सलाहकार को कम से कम 2 साल का स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन एवं विश्लेषण के कार्य में अनुभव होना चाहिए।
- अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को ।

वांछनीय योग्यता:

- डेटा संधारण/ डेटा विश्लेषण में दो वर्ष का अनुभव। एमएस ऑफिस एवं सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर (एसएएस, एसपीएसएस आदि) का कार्यसाधक ज्ञान ।
- आरसीएच कार्यक्रम के साथ परिचित होने का लाभ ।
- उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय एमआईएस पर कार्य किया हो ।

पारिश्रमिक सीमा: 60,000 रुपये से 80,000 रुपये के बीच प्रति माह ।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **19-May-2017** को अपराह्न **4** बजे तक mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।